मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 14.10.2026 को विश्वविद्यालय में स्थित अटल भवन के बोर्ड रूम, गोरखपुर में पूर्वाह्न 11:00 बजे सम्पन्न हुई 2026/04 (सैंतीसवीं) बैठक की कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-

01. **प्रो0 श्रीमती अनुपमा कौशिक शर्मा,** — अध्यक्ष
कुलपति,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

02. **श्री अमित गुप्ता, प्रमुख सचिव,** — सदस्य
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।
द्वारा नामित सदस्य श्रीमती सेल्वा कुमारी जे., सचिव,
तकनीकी शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश।

03. **श्री अतुल तिवारी, अपर निदेशक,** — सदस्य
कोषागार एवं पेंशन, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

04. **प्रो0 साधना सचान,** — प्रबंध बोर्ड द्वारा नामित सदस्य
रसायन अभियंत्रण विभाग,
मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,
प्रयागराज।

05. **प्रो0 राकेश कुमार,** — प्रबंध बोर्ड द्वारा नामित सदस्य
आचार्य, कम्प्यूटर साइन्स इन्जीनियरिंग विभाग
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

06. **श्री चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी,** — सदस्य
कुलसचिव,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

07. **श्री विनय कुमार राय,** — सदस्य-सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

37-01 वित्त समिति की दिनांक 24.08.2026 को सम्पन्न हुई 2026/03 (छत्तीसवीं) बैठक की कार्यवृत्ति के पुष्टि का प्रस्ताव।

वित्त समिति की दिनाँक 24.08.2026 को सम्पन्न हुई छत्तीसवीं बैठक की कार्यवृत्ति सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया था, **जिसपर मा0 सदस्यों द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।**

37-02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनाँक 24.08.2026 को 2026/03 (छत्तीसवीं) बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वित का विवरण।

वित्त समिति की दिनांक 24.08.2026 को सम्पन्न हुई छत्तीसवीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुये स्वीकृत प्रस्तावों पर लिए गए निर्णय के क्रम में अवगत कराना है कि प्री-बिड में प्रतिभागियों द्वारा यह कहा गया कि अन्य विश्वविद्यालय डी.डी.यू. गोरखपुर, के.जी.एम.यू. लखनऊ एवं अन्य की भांती यहां भी सर्विस मोड पर सात वर्षों के लिए बिड की जाए। साथ ही जनभवन द्वारा भी अन्य विश्वविद्यालयों की भांति एक समान बिड सात वर्षों हेतु किये जाने का दूरभाषिक निर्देश दिये गये। तत्क्रम में पुनः री-बिड किया गया जो प्रक्रियाधीन है। समिति उक्त से अवगत हुयी तथा कृत कार्यवाही पर सहमति व्यक्त की गई।

37-03 वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष 30.09.2026 तक का वास्तविक व्यय एवं पुनरीक्षित व्यय बजट के साथ वित्तीय वर्ष 2027-28 का अनुमानित व्यय एवं आय के बजट का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विचारोपरांत विश्वविद्यलाय के वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष 30.09.2026 तक का वास्तविक व्यय एवं पुनरीक्षित व्यय बजट के साथ वित्तीय वर्ष 2027-28 का अनुमानित व्यय एवं आय के बजट पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

37-04 विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त विभागों के विभिन्न स्थानों तथा सभी पुरुष/महिला छात्रावासों के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत CCTV कैमरा स्थापित किये जाने का प्रस्ताव।

समिति को अवगत कराना है कि मुख्य छात्रावास अधिक्षक द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त विभागों के विभिन्न स्थानों तथा सभी पुरुष/महिला छात्रावासों के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत CCTV कैमरा स्थापित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिसपर **रु. 169.87 लाख** के व्यय पर मा0 समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय की स्रोतों से होने वाली आय की बचतों से वहन किया जायेगा।

37-05 **भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग में स्नातक प्रयोगशाला के लिए नये वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद के साथ विभाग में दिवारों, गलियारों एवं शौचालयों के अनुरक्षण/मरम्मत के कार्य का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराना है कि विभागाध्यक्ष, भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग में स्नातक प्रयोगशाला के लिए नये वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद के साथ विभाग में दिवारों, गलियारों एवं शौचालयों के अनुरक्षण/मरम्मत के कार्य का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। जिस पर **रु. 06.00 लाख** का व्यय भार स्नातक प्रयोगशाला के लिए नये वैज्ञानिक उपकरणों हेतु एवं **रु. 16.00 लाख** के व्यय हेतु मा0 समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के क्रय की प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की संस्तुति के उपरांत पत्रावली के माध्यम से सक्षम स्तर पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त कर क्रय की प्रक्रिया पूर्ण की जाय।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय की स्रोतों से होने वाली आय की बचतों से वहन किया जायेगा।

37-06 **रसायन अभियंत्रण विभाग में ग्रीन हाइड्रोजन के स्थापना से संबंधित कार्य हेतु UPNEDA से प्राप्त होने वाली धनराशि के विवरण का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराना है कि विभागाध्यक्ष रसायन अभियंत्रण विभाग में ग्रीन हाइड्रोजन के कार्य हेतु UPNEDA द्वारा धन **रु. 11,54,00,000.00** का आवंटन यथाशीघ्र किया जाना है। साथ ही विभाग में Fluid Flow Operation प्रयोगशाल के स्थापना हेतु **रु. 8,17,740.00** के व्यय हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति देते हुये क्रय किये जाने वाले उपकरणों का पूर्ण विवरण आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

धन की उपलब्धता के अनुसार क्रय की प्रक्रिया के तहत धनराशि का वहन **UPNEDA** द्वारा धन आवंटित किये जाने पर किया जायेगा।

37-07 **विद्युत एवं संचार अभियंत्रण विभाग में Secure Hardware & Intelligent IoT Networks Laboratory के लैबों हेतु उपकरणों के क्रय एवं Upgradation का प्रस्ताव।**

विभागाध्यक्ष विद्युत एवं संचार अभियंत्रण विभाग में Secure Hardware & Intelligent IoT Networks Laboratory के लैबों हेतु उपकरणों के क्रय एवं Upgradation हेतु **रु. 125.00 लाख** के प्रस्ताव का मा0 समिति द्वारा अवलोकल कर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

धन की उपलब्धता के अनुसार उक्त कार्य के सापेक्ष धनराशि का वहन विश्वविद्यालय की बचतों से किया जायेगा।

37-08 **विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2025-26 की ऑडिटेड बैलेंसशीट का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

वित्त समिति की पैंतीसवीं बैठक के मद संख्या 35-07 में विश्वविद्यालय की वित्तीय वर्ष 2025-26 के बैलेंसशीट/बैंक समाधान विवरण जो चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा तैयार कराकर सत्यापित किया गया था। जिसपर मा0 समिति द्वारा अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया था। साथ ही उक्त बैलेंसशीट की ऑडिट कराकर ऑडिटेड बैलेंसशीट का मा0 समिति द्वारा अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

37-09 **विश्वविद्यालय के विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्य का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य संलग्न थीम के अनुसार कराये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव जिसमें चिन्हीत पार्कों एवं विभिन्न स्थानों के निम्नवत विवरण का अवलोकन किया गया।

क्रमांक	स्थान
01.	अटल भवन के पीछे।
02.	कल्चरल ग्राउण्ड।
03.	सोलर पार्क।
04.	हर्बल उद्यान।
05.	पुराने प्रशासनिक भवन के आगे-पीछे।
06.	प्रयुक्त विज्ञान विभाग के सामने।
07.	एम.पी.एच. एवं चिकित्सालय के बीच में।
08.	आई.टी.आर.सी. के सामने।
09.	एम.बी.ए. के सामने।
10.	स्वर्ण जयंती पार्क।
11.	सात नम्बर कॉलोनी एरिया पार्क इत्यादि।

उक्त कार्य के विवरण के अनुसार सम्भावित व्यय **रु. 150.00 लाख** का मा0 समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त प्रस्तावित कार्य पर होने वाला व्यय धन की उपलब्धता के अनुसार विश्वविद्यालय की स्रोतों से होने वाली आय की बचतों से वहन किया जायेगा।

37-10 **यांत्रिक अभियंत्रण विभाग हेतु मशीन, लैब के उपकरण, ए.सी., डेक्सटॉप कम्प्यूटर एवं हाई-स्पीड फोटोकॉपी मशीन के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण विभाग हेतु मशीन, लैब के उपकरण, ए.सी., डेक्सटॉप कम्प्यूटर एवं हाई-स्पीड फोटोकॉपी मशीन के क्रय का प्रस्ताव का अवलोकन किया गया एवं इन सामग्रियों के क्रय हेतु होने वाले अनुमानित व्यय की राशि **रु. 16.57 लाख के व्यय** हेतु मा0 समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के क्रय की प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की संस्तुति के उपरांत पत्रावली के माध्यम से सक्षम स्तर पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त कर क्रय की प्रक्रिया पूर्ण की जाय।

धन की उपलब्धता के अनुसार उक्त कार्य के सापेक्ष धनराशि का वहन विश्वविद्यालय की बचतों से किया जायेगा।

37-11 **क्रय किये गये सी.एन.जी. बस के बॉडी वर्क के अनुमोदित व्यय को पुनरीक्षित किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा चौंतीसवीं बैठक के **मद संख्या 34-08** में एक अदद **52 सीटर** क्रय किये गये **सी.एन.जी. बस** की बॉडी वर्क हेतु **रु. 20.00 लाख** का व्यय अनुमोदित प्रस्ताव का अवलोकन किया गया जेम पोर्टल के माध्यम से बॉडी वर्क का कार्य कराये जाने पर **23.00 लाख** का व्यय भार आ रहा है।

समिति द्वारा उक्त प्रस्तावित व्यय को पुनरीक्षित करते हुए बॉडी वर्क के कार्य हेतु अतिरिक्त व्यय **03.00 लाख** का अनुमोदन प्रदान किया गया।

धन की उपलब्धता के अनुसार क्रय की प्रक्रिया के तहत धनराशि का वहन विश्वविद्यालय की बचतों से किया जायेगा।

37-12 **औषधीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रयोगशालाओं के लिए ग्लासवेयर एवं केमिकल क्रय किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा औषधीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रयोगशालाओं के लिए ग्लासवेयर क्रय किये जाने हेतु रु. 10.83 लाख एवं केमिकल क्रय किये जाने हेतु रु. 09.23 लाख के व्यय हेतु मा0 समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के क्रय की प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति की संस्तुति के उपरांत पत्रावली के माध्यम से सक्षम स्तर पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त कर क्रय की प्रक्रिया पूर्ण की जाय।

धन की उपलब्धता के अनुसार उक्त कार्य के सापेक्ष धनराशि का वहन विश्वविद्यालय की बचतों से किया जायेगा।

अनुपूरक प्रस्ताव।

37-01 **विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में ऑडियों-विडियों सिस्टम स्थापित किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराना है कि अध्यक्ष आई0टी0आर0सी0 द्वारा विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में निम्नलिखित कार्य कराये जाने का प्रस्ताव का मा0 समिति द्वारा अवलोकन किया गया है।

क्र.सं.	विवरण	अनुमानित मूल्य
01.	Video Led Wall System	26,00,720.00
02.	Digital Podium, Auditorium Camera with Live Streaming Feature	17,12,573.00
03.	Audio System	12,22,126.00
04.	Auditorium Stage Light	6,68,273.00
05.	Auditorium Drapery System	4,02,380.00
06.	Auditorium Stage Flooring	1,97,886.00
	Total Estimate of Auditorium Audio-Video Solution	**68,03,958.00**

उपरोक्त क्रय एवं कार्य कराये जाने पर कुल **रु. 68.03 लाख** का व्यय-भार का अनुमोदन समिति द्वारा प्रदान किया गया है।

धन की उपलब्धता के अनुसार उक्त कार्य के सापेक्ष धनराशि का वहन विश्वविद्यालय की बचतों से किया जायेगा।

37-02 **IN-SPACe परियोजना हेतु विश्वविद्यालय के 25 प्रतिशत अंशदान की स्वीकृति का प्रस्ताव।**

IN-SPACe Antariksh Prayogshala परियोजना की कुल लागत **रु. 6.50 करोड़** है, जिसमें IN-SPACe का अंशदान **रु. 4.875 करोड़ (75 प्रतिशत)** तथा विश्वविद्यालय का अंशदान **रु. 1.625 करोड़ (25 प्रतिशत)** विश्वविद्यालय के उक्त अंशदान की धनराशि विश्वविद्यालय निधि से उपलब्ध कराए जाने पर वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही समिति द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर से संगत अंशदान के रूप में जो धन इस परियोजना हेतु प्राप्त होगा उसी धनराशि का (25 प्रतिशत) विश्वविद्यालय से वहन किये जाने का भी निर्देश दिया गया।

अंत में बैठक अध्यक्ष महोदया एवं सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुई।

(विनय कुमार राय)
वित्त नियंत्रक
सदस्य-सचिव
वित्त समिति, म.गो.मा.प्रौ.वि., गोरखपुर।

अनुमोदित

(प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा)
अध्यक्ष/कुलपति
वित्त समिति, म.गो.मा.प्रौ.वि., गोरखपुर।